# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–14 जुलाई 2025** **सान्ध्य समाचार**

श्रावण मास का आज पहला सोमवार है ब्रम्हमूहूर्त से ही श्रद्धालु काशी विश्वनाथ धाम स्थित पवित्र ज्योतिर्लिंग सहित प्रदेश के सभी प्रमुख शिव मंदिरों में भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना कर रहे हैं। कांवड़ यात्रियों का जत्था भी जगह–जगह शिवालयों में भगवान शिव को जल अर्पित कर रहा है। वाराणसी आने वाले सभी शिव भक्तों पर आज सुबह पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। भोर में मंगला आरती के साथ ही बाबा विश्वनाथ के दर्शन का सिलसिला शुरू हुआ। वहां पूरे दिन भारी संख्या में श्रद्धालु कतारबद्ध होकर दर्शन पूजन करते रहे। गोरखपुर, संतकबीरनगर और चित्रकूट सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई अन्य प्रमुख शिवमंदिरों में दिन भर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।

इस बीच, सावन महीने में कांवड़ यात्रा के सुचारु संचालन को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में चलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों की पेयरिंग व्यवस्था को विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के हित में बताया है। विभाग की एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में आज मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे न केवल संसाधनों का बेहतर उपयोग होगा, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार सुनिश्चित किया जा सकेगा। बैठक के दौरान पेयरिंग व्यवस्था से खाली हुए विद्यालय भवनों के सदुपयोग को लेकर भी चर्चा हुई। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पेयरिंग व्यवस्था से खाली हुए विद्यालय भवनों में बाल वाटिकाएं तथा प्री प्राइमरी स्कूल संचालित किए जाएं। साथ ही इन भवनों में आंगनबाड़ी केंद्रों को स्थानांतरित किया जाए ताकि शिशु शिक्षा का आधार सुदृढ़ हो और विद्यालय परिसरों का उपयोग बहुपर्यायी हो सके। मुख्यमंत्री ने यह प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने का निर्देश दिया। समाचार कक्ष से मैं वेद प्रकाश पाठक**

बैठक के दौरान शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने, बच्चों की ड्रेस तथा पाठ्य सामग्री के धन को अभिभावकों के खातों में भेजने, स्कूल चलो अभियान को सुदृढ़ करने और प्रत्येक पात्र बच्चे को विद्यालय की सुविधा उपलब्ध कराने के बारे में विशेष रूप से पर चर्चा की गई।

**********

एक्सियोम–फोर मिशन पर गए लखनऊ निवासी भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री कल धरती पर पहुंच जाएंगे। यह जानकारी विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि यह सभी लोग दोपहर बाद करीब तीन बजे धरती पर पहुंच जाएंगे।

**शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को वापस लौटने के बाद उन्हें फ्लाइट सर्जनों के निरीक्षण में सात दिन रखा जाएगा ताकि वे वापस धरती के गुरुत्वाकर्षण में समायोजित हो सकें। शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष केन्द्र में भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा विकसित सात प्रयोग किए। अपने विदाई भाषण में शुभांशु शुक्ला ने अपनी अंतरिक्ष यात्रा को अविश्वसनीय बताया। शुक्ला को लेकर एक्सिओम–4 मिशन 26 जून को आईएसएस के लिए रवाना हुआ था। समाचार कक्ष से मनोज।**

**********

भारत सरकार का युवा कार्य मंत्रालय इस महीने की अठारह से बीस तारीख तक वाराणसी में तीन दिवसीय युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन, ''विकसित भारत के लिए नशामुक्त युवा'' का आयोजन करेगा। शिखर सम्मेलन का प्रमुख उद्देश्य युवाओं के नेतृत्व में नशा मुक्ति पहल के लिए व्यापक राष्ट्रीय रणनीति बनाना है। इस संबंध में आज नई दिल्ली में केंद्रीय युवा कार्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने बताया कि यह सम्मेलन युवाओं के नेतृत्व में नशा मुक्ति आंदोलन का मार्ग प्रशस्त करेगा।

**********

प्रदेश की राजधानी लखनऊ को स्वच्छता सर्वेक्षण दो हजार चौबीस में पूरे देश में तीसरा स्थान मिला है। पिछली बार की रैंकिंग में लखनऊ को चौवालिसवां स्थान हासिल हुआ था। इस उपलब्धि को नगर निगम लखनऊ के प्रयासों के साथ साथ लखनऊ के लोगों की जागरुकता और भागीदारी के परिणाम के तौर पर देखा जा रहा है।

**********

पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर सहित कई अन्य जिलों में आज दोपहर बाद मध्यम से लेकर तेज बारिश हुई। इससे लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली है। मौसम विज्ञान विभाग ने कल और परसो सोलह जुलाई को भी पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं कहीं भारी बारिश होने और बिजली गिरने की चेतावनी दी है।

इस बीच, प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में हुई मानसूनी बारिश से कई नदियों का जल स्तर बढ़ने से जैसी बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई है, जिसे लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बारिश के कारण शहरी क्षेत्र में हो रहे जलभराव और नदियों के जल स्तर में आई बढ़ोत्तरी को लेकर आज लखनऊ में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन स्थितियों से आमजन को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

**********